# उत्तर प्रदेश वन निगम

कार्यालय–महाप्रबन्धक (विपणन)

अरण्य विकास भवन, 21/475, इन्दिरानगर, लखनऊ, 226016

www.upforestcorporation.co.in

पत्रांक एम–566/खड़े प्रकाष्ठ/शर्तें (ई–नीलाम/सामान्य नीलाम) दिनांक 08 अक्टूबर ,2025

## कार्यालय आदेश

इस कार्यालय का पत्रांक–388/खड़े वृक्ष नीलामी के शर्तें/वर्ष 2025–26 दिनांक 14 अगस्त 2025 में निहित ई–नीलाम खड़े प्रकाष्ठ प्रक्रिया की शर्त संख्या–5 (वर्तमान में लागू संशोधित शर्तें) में लॉटों के विक्रय मूल्य का 25 प्रतिशत शुल्क जमानत धनराशि के रूप में 48 घण्टे के अन्तर्गत जमा करना होगा, और यदि क्रेता द्वारा निर्धारित समय सीमा में जमानत धनराशि को जमा नही करता है, तो 07 दिन तक जमानत धनराशि का एक प्रतिशत विलम्ब शुल्क सहित जमा करने का प्राविधान किया गया है।

क्रेताओं द्वारा खड़े वृक्षों की लॉटों को ई–नीलाम प्रक्रिया में भाग लेकर ई–नीलाम में रखी गयी लॉटों पर अपनी उच्चतम बोली देकर अत्यधिक प्रतिशत पर लॉट क्रय कर ली जाती है, एवं निर्धारित समय सीमा में लॉट की जमानत धनराशि नही जमा किया जा रहा है। सम्बन्धित क्रेताओं को ई–नीलाम प्रक्रिया के नियमानुसार क्रेताओं की फर्म की ई–नीलाम पंजीकरण धनराशि जब्त कर आई0डी0 को काली सूची में दर्ज किया जाता है।

उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए खड़े प्रकाष्ठ की ई–नीलाम शर्त में आंशिक संशोधन करते हुए क्रेताओं के फर्म की ई–नीलाम पंजीकरण धनराशि को जब्त कर **ई–मेल आई0डी0/पैन/जी0एस0टी0एन0 नम्बर सहित** ब्लॉक कर काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जायेगी, जिससे ई–नीलाम पंजीकरण के लिए सम्बन्धित पैन/जी0एस0टी0एन0 का पुनः उपयोग न किया जा सके।

उक्त आदेश प्रबन्ध निदेशक महोदय के अनुमोदनोपरान्त निर्गत किये जा रहे हैं।

(शेष नारायण मिश्र)
महाप्रबन्धक (विपणन)

पत्रांक एम–566/तद्दिनांकित

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 वन निगम, लखनऊ।
2. समस्त अपर प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 वन निगम, लखनऊ।
3. समस्त महाप्रबन्धक, उ0प्र0 वन निगम।
4. समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक (इकोटूरिज्म को छोड़कर), उ0प्र0 वन निगम।
5. मुख्यलेखाधिकारी एवं वित्तीय परामर्शदाता, उ0प्र0 वन निगम, लखनऊ।
6. समस्त प्रभागीय विक्रय/लौगिंग प्रबन्धक/विक्रय/लौगिंग अधिकारी, उ0प्र0 वन निगम।
7. विपणन अधिकारी, उ0प्र0 वन निगम, लखनऊ।

(शेष नारायण मिश्र)
महाप्रबन्धक (विपणन)

पत्रांक एम–566/तद्दिनांकित

**प्रतिलिपिः**– विक्रय अधिकारी (सिस्टम) उ0प्र0 वन निगम, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त आदेश को उ0प्र0 वन निगम, की वेबसाइट के बुलेटिन बोर्ड/ई–नीलाम प्रक्रिया/सामान्य नीलाम प्रक्रिया/न्यूज अपडेट में अपलोड कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

(शेष नारायण मिश्र)
महाप्रबन्धक (विपणन)